partmental Competitive Examination for promotion of Upper Division Clerks to the Grade of Assistant.

(c) Yes, Sir.

(d) The examination for Railway Board employees only was held in pursuance of a decision taken by the Board that since one examination had been held for promotion of Upper Division Clerks of Central Secretariat Clerical Service to the grade of Assistant, at least on examination may be held for the Railway Board employees also. Action has, however, been taken by the Railway Board to amend their recruitment rules on the lines of the amendment in the Central Secretariat Service Rules. There is no question of any discrimination towards Central Secretariat Service employees.

Power Theft in DESU

6004. SHRI JYOTIRMOY BOSU: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether there is a power theft in DESU valued at about 50 lakhs of rupees a year; and

(b) if so, steps taken to prevent the same?

THE MINISTER OF ENERGY SHRI P. RAMACHANDRAM): (a) and (b) Facts are being collected and they will be laid on the Table of the House later.

Seat for Goa, Daman and Diu in Rajya Sabha

6005. SHRI EDURADO FALEIRO: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state whether Government propose to amend the constitution so as to provide for a seat for the Union Territory of Goa, Daman and Diu in the Rajya Sabha?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI CHARAN SINGH): The Government have no such proposal.

विदेशों में स्वाधीनता सेनानियों के स्मारकों का बनाया जाना

6006. श्री धन्ना सिंह गुलशन: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत के स्वाधीनता संग्राम के लिये आजाद हिन्द फौज के स्वाधीनता सेनानियों की किन-किन देशों में स्मरण किया जाता है और क्या सरकार का विचार ऐसे देशों में सुभाष चन्द्र बोस के स्मारक बनाने का है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे स्मारकों का निर्माण कब तक किया जाएगा; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह): (क) से (ग). स्वाधीनता के लिए भारत के संघर्ष से सम्बद्ध विभिन्न देशों में आजाद हिन्द फौज के स्वाधीनता सेनानियों को उनकी भूमिका के लिए स्मरण किया जाता है। उपलब्ध सूचना के अनुसार भूतपूर्व आज़ाद हिन्द फौज के कर्मचारियों की हाल ही में एक बैठक मलेशिया में हुई थी। किसी विदेश में सुभाष चन्द्र बोस के स्मारक बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। किन्तु यदि किसी देश द्वारा इस सम्बन्ध में कोई पहल की जाती है तो सरकार इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

पाताखेड़ा कोयला खानों के श्रमिकों को रविवार की छुट्टी देना

6007. श्री सुभाष आहूजा: क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में ऐसी कोयला खानों की संख्या कितनी है जहां श्रमिकों को रविवार की छुट्टी दी जाती है;

(ख) क्या सरकार का विचार पाताखेड़ा कोयला खान के श्रमिकों को, जो वैस्टर्न कोल फील्ड, कलकत्ता के अधीन है, रविवार की छुट्टी देने का है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?